It may be argued that the 1956 Resolution is fairly clear and nothing has happened during the Second Plan period so far which requires any reexamination of this problem. I respectfully beg to differ from that position. Enough has happened during the Second Plan period even so far which might make it necessary that we should re-examine the 1956 Resolution. The Reserve Bank year after year has drawn attention to the fact that the savings of the community are not keeping pace with the requirements of the economy. We have been told even by Government spokesmen that one of the problems which creates great anxiety in the mind of the Planning Commission is this fact of the nonavailability of even savings. Saving today is in the hands of the banking system and we have only the Reserve Bank and the State Bank which are nationalised. The other banks—and especially the foreign exchange banks—are still in private hands and it will be necessary to examine whether it is desirable that the other scheduled banks should also be nationalised or should be brought under more effective control of the Government if the savings drive is to be given impetus. The Mover of the Resolution has very wisely kept the thing quite open for the Committee to discuss all the issues.

It need not be taken for granted that merely because a Committee is appointed, that Committee would be biased in favour of nationalisation only. It will be necessary for it to examine all the pros and cons and to see whether the time has come for nationalising the entire credit system. This House and the other House have already discussed the L.I.C. investment policy, but the comments in these Houses as well as in the public make it quite clear that that investment policy also is still not quite clear. Will this investment policy lead to nationalisation by the backdoor, will that policy ultimately lead to the control of the various industries by the Government or will it lead to a greater participation in the profits that the economy as a whole has created, are the problems which exercise the minds of the public. This Committee will have to go into that aspect also and evolve a consistent investment policy rot only with reference to the L.I.C. funds, but also with reference to the other funds that are at the disposal of the Government and which can be utilised for productive purposes. Particularly, Sir, we have got a coal shortage in

[Shri Rohit M. Dave.] the country. We find that the Second Plan exploitation regarding coal and other energies has not fully materialised. It will be necessary lor this Committee to go into that question also and see whether nationalisation is the right course again. Again, the question is quite open. The Committee can as well come to the conclusion that nationalisation is not the solution, nationalisation is not the answer. But the Committee might equally come to the conclusion that nationalisation is an answer. All that I submit is that this question needs examination. And unless we are able to find out some solutions lor the problems of power, for the problems of coal and electricity—the problem* that we are facing—it will not be possible for us to evolve a Third Plan on a consistent and rationally scientific basis.

Then, Sir, there is the question of transport. The Railway Board and the Railway Minister themselves have time and again drawn the attention of the nation to the fact that the transport' system is not adequate to look after the big productive potential that is generated in the economy. We have to find an answer to this question also. Is the nationalisation of Railways enough to give us that transport system which our economy demands, or is it necessary that road transport should also be nationalised and shipping alao should be nationalised? Again the question is open. My submission only is that it needs to be discussed.

Sir, during the Second Plan period enough experience has been gathered, enough data has come to light. It has to be examined, it has to be analysed, and in the light of that examination, a fresh reconsideration of the Industrial Policy Resolution is to be attempted. It may be that at the end of these deliberations we might again come to the same conclusion, *viz.,* that the 1954 Resolution is adequate, or we might come to the conclusion that it is not adequate. Let us not bind down, let us not try to colour the consideration by the Committee of this problem of nationalisation. But this problem needs to be examined. And. if it needs to be examined, it needs to be examined by a body which is outside the Government because the Third Plan is going to be the responsibility of the nation as a whole. Therefore, it is necessary that those who can guide the nation as a whole are able to apply their minds to these problems and then come to certain conclusions.

One more point that this Committee will have to discuss will be the' effect of any nationalisation on our industry, on the development of our industry. Sir, the case is made out that if large-scale industrialisation is attempted, foreign capital is likely to get shy and we may not get enough equity capital which is necessary for the development of our economy. We have been told by the President himself that whenever we get loans from outside countries, there are no political strings attached to them. I would like to know exactly what is the meaning of these "political strings"? Does it only mean that you need not be a member of this power bloc or that power bloc? Or, does it also mean that we are completely free to determine our own economic policy? If even by implication or indirectly it has been suggested that if we want foreign aid, if we want foreign equity capital, we will have to determine our economic and industrial policy to suit the investors from outside, then the whole question as to up to what extent we should depend upon foreign capital and foreign assistance for the development of our economy will have to be gone into. Again, the Committee might come to the conclusion that, well, we have to make the best of a bad bargain, that we are in a very unhappy position and it will not be possible for us to develop our economy unless we get capital from out-Side and directly or indirectly certain implications are involved in getting

that assistance from outside; let them come to that conclusion and let that conclusion be known to the country so that it may be /possible for the country to decide as Ho whether this type of assistance is desirable or not.

Finally, Sir, there is the question of the impact of such a policy on the private sector itself. We have been told again and again that if the public sector expands, if greater nationalisation takes place, the private sector will dry up and enterprise will go away, initiative will disappear, capital formation which is taking place in the private sector today will not be available to the economy and thereby we will be going to a position where there will be stagnation. This question also needs to be examined, because unless we tell the country in quite clear terms what exactly is the nature of the democracy that we are envisaging, what type of freedom—political, economic and civic—that we are trying to give to this country, what is exactly involved in planning, what is exactly involved in regulation, what is exactly involved in nationalisation, unless categorical answers are given, this type of confusion will continue and the public mind will be under the pressure of propaganda from this side or from the other side; it will not be possible for the public to know exactly where it stands, where *its* freedom stands of which the public is so zealous and proud. It is for these reasons that the question needs a thorough examination and an expert opinion on the various aspects that are involved in nationalisation ought to be clearly formulated and placed before the country. Only such a Committee can do that and, therefore, it is very necessary that such a Committee should be appointed.

SHRI P. D. HIMATSINGKA (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, I heard the Mover speaking *on* his Resolution, and I understood him to say that he has proposed this Resolution *in* order that the Dosition that is created in the country from time to time by different statements from different sides may be clarified. He i3 not very anxious that the trade should be nationalised or any particular industry should be nationalised. He wants it to be made clear as to whether or not there is any scope for any nationalisation of any trade. At least that was the purport, as I understood him, of his speech. So far as that intention is concerned, as you know and as hon. Members who have preceded me have referred, there has been a clear declaration in the Industrial Policy Resolution of 30th April, 1956 dividing the industries into three categories. That Resolution makes the position of the Government quite clear. Sir, they have set out in Schedule A various industries which will be exclusively in the public sector. And if you look into the list containing 17 items, you will find that the resources that the Government have at their disposal will not at all be sufficient to meet the needs of those industries themselves. Then there is Schedule B about which it has been said:

> "The second category will consist of industries, which will be progressively State-owned and in which the State will, therefore, generally take the initiative in establishing new undertakings, but in which private enterprise will also be expected to supplement the effort of the State."

You will find, Sir, that almost all the minerals which are not covered by the Schedule A list—aluminium, machine tools, ferro alloys and tool steels, basic and intermediate products required by chemical industries such as the manufacture of drugs, dyestuffs and plastica, antibiotics and other essential drugs, fertilizers, synthetic rubber, carbonisation of coal, chemical pulp, road transport and sea transport—have been mentioned. As a matter of fact, they were mentioned by the hon. Member, Shri Bhupesh Gupta. So far as coal is concerned, as was mentioned by him, more coal than what the public sector needed had been manufactured.

[Shri P. D. Himatsingka.] That may be quite true, but at the present moment, Sir, the Government have taken over this coal in the public sector, and they have taken over a number of coal-bearing fields from various private parties under the Act that was passed by Parliament two years ago. Therefore, Sir, the position at the present moment is that the Government have in their hands a number of industries for which the resources that they have are barely sufficient io carry on. Therefore, Sir, if you appoint a Committee consisting of Members of Parliament and certain other persons with expert knowledge to consider and make recommendations as to the trades and industries which should be nationalised, it will absolutely be a waste of time, energy and money. The policy is quite clear, and as a matter of fact, it will be some time before the Government can take up the work that they have already decided to undertake by the adoption of that Policy Resolution. And so far as trading also is concerned, as you know, Sir, the State Trading Corporation has been functioning for some time, and if you examine carefully what it has been doing, you will be able to find that the business that was being carried on by private parties has been taken over. Rather it has just intervened to take a big share of the profits of those private parties, because there is that monopoly in the matter of export of iron. The State Trading Corporation will export iron ore. But I do not actually know the amount that is being spent on the organisation of the State Trading Corporation, whether it is eating up any major portion of the profits that would accrue to it. Sir, export of manganese was going on very well before the State Trading Corporation took it over, and during the last two years, Sir, practicallj' no manganese has been exported, because the State Trading Corporation has not been able to effect many sales.

SHRI J. V. K. VALLAEHARAO (Andhra Pradesh): Is it because the ;State Trading Corporation har taken over tne export 01 manganese or is *n* because of recession in the European market?

SHRI P. D. HIMATSINGKA: It is so partly because of recession and partly because the State Trading Corporation has taken it over. When private parties were in charge of exports, they used to take all possible steps to get in touch with the purchasers in different countries. They would not hesitate to go to them and make contracts with them. It may be, Sir, that so far as manganese is concerned, this may be one of the reasons, but competitors have also come into the market. Brazil and other countries have begun to supply manganese, and I think that one of the reasons why this export has fallen is that the State Trading Corporation cannot take such effective steps as were being taken by those private parties. That appears to be one of the reasons why exports have fallen. What I want to submit, Sir, is that the Government has not got enough resources in its hands, and if we increase the scope of work, there is bound to be confusion and loss, which will not be noticed for some time before the mischief is done.

At the present moment, Sir, we have been hearing a lot about State trading in foodgrains. I do not know whether all the important persons in the Government who have been speaking in connection with State trading in foodgrains mean the same thing as is understood by the hon. Prime Minister, the Food Minister and others. As a matter of fact, Sir, confusion has been created in the different States, and they do not know whether State trading should be from top to bottom, and they do not know from what stage to what stage State trading in food-grains should be undertaken. Certain statements are made from time to time without actually formulating the proposition in a clear-cut manner as to what exactly is to be done. That creates confusion in the country. As a matter of fact, Sir, I understand that in U.P. and other places, rice has been selling at about 27 rupees and wheat at about 32 rupees. The same thing

is happening in Punjab, because certain proper steps have not been taken by the Government. Therefore, Sir, before we start any new proposition, we should consider all its pros and cons and take proper steps to see that what we intend to do is really achieved. But unfortunately that is not being done.

Let us look at our resources. As you know, Sir, even at the present moment the resources that we need for our Second Five Year Plan are not sufficient. We need about Rs. 400 crores more to carry out only the core of the Plan. But if we want to implement all the items in the Plan, we will need more and more money. If we take into consideration our physical targets, there will be more and more shortage because the prices of almost all items have gone up, and we will have to make up in the next two years. But with the amount of taxation that has already been levied, I do not think that there is much room for raising more money to make up this deficit. Already the Third Five Year Plan is in the offing, which will require more and more money, and it will be so difficult to collect that money. Therefore, Sir, we should be very careful before we expand our activities, so that we may not spoil what we have already started. We should consolidate whatever has been taken up, and we should try to increase our national income, which can be applied for other purposes in order to help the economic growth of the country. The Resolution, as it stands, in harmless but it has been pointed out by some of the previous speakers, it will raise various questions in the mind of the public and will simply create difficulties. I would, therefore, suggest that this Resolution should not be pressed.

डा० जेड० ए० अहमद (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, मैं इस प्रस्ताव का, जो माननीय राम सहाय जी ने पेश किया है, समर्थन करता हूं । मुझे ताज्जुब होता है कि इस प्रस्ताव पर बहस छिड़ गई और कुछ इसके हक में हैं और कुछ इसके खिलाफ़ हैं । मैं समझता हूं कि ऐसे प्रस्ताव को हमें एकमत से मान लेना चाहिये था । चूंकि एक सवाल हमारे सामने है—हमारे दोस्त यह कहते हैं—कि बहुत से उलझाव हैं, बहुत से कंक्युजन हैं, तो अगर कंक्युजन है तो उसे साफ करना जरुरी है और अगर उसको साफ करना चाहते हैं तो फिर एक ही रास्ता है, एक ही तरीका है कि आप ऐसे जिम्मेदार लोगों की समिति बनायें जिन्हें कि जानकारी है, जो कि मुल्क की राजनीति जानते हैं और मुल्क की समस्याओं को पहचानते हैं और वे इसके ऊपर अपनी राय दें. . . .

श्री प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका : और उलझनें बढ़ायें ।

डा० जेड० ए० अहमद : जी हां, आपको अंदेशा यह है कि मुमकिन है कि उनकी सिफारिशें ऐसी हों जो कि आपकी विचारधारा के खिलाफ जांय । एक, दो आनरेबिल स्पीकर्स को मैंने सुना और मैंने देखा कि उन्हें डर मालूम देता है कि कहीं स्टेट सैक्टर और नैशनलाइजेशन बढ़ न जाय । यह अंदेशा आपको दिखाई देता है । अगर बढ़ना होगा तो बढ़ेगा । अगर जिन्दगी का यह तकाजा है कि वह बढ़े तो उसे कोई रोक नहीं सकता । अगर सही मानों में हमें एक समाजवादी समाज की तरफ बढ़ना है तो वह तो बढ़ कर ही रहेगा उसको कोई रोक नहीं सकता । सवाल यह है कि गिरते पड़ते बढ़ें, उलझावे में लपटे हुए बढ़ें या सुलझे हुए तरीके से, साफ सुथरे तरीके से बढ़ें ।

DR. W. S. BARLINGAY (Bombay; It may be unnecessary.

डा० जेड० ए० अहमद : खैर, उसके बारे में फिर मैं अर्ज करूंगा कि नेसेसरी है या नहीं, जरूरी है या नहीं । अभी आप मुझको सुन लीजिये ।

[डा० जेड० ए० अहमद]

.....तो यह बढ़ने वाला है इसको दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती अगर सही मानों में हमें हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था को एक नई बुनियाद पर डालना है तो इसको बढ़ाना है । अब, जैसा कि मैंने अभी कहा, जरूरत इस बात की है कि आंखें खोल कर हम देखें कि किस दिशा में बढ़ें, किस तरीके से बढ़ें । कितना वक्त लगाया जाय, किस चीज़ को पहले लिया जाय, किस चीज़ को बाद में लिया जाय, ये सब सवाल हमारे सामने आते हैं । आखें बन्द करके आप बैठे रहें और कहें कि हम तो समाजवाद की तरफ बढ़ना चाहते हैं तो मालूम नहीं किस तरफ आप बढ़ जायेंगे अगर आंखें बन्द करके आप बैठे रहें । मैं इस चीज़ के ऊपर ज्यादा जोर इसलिये देता हूं क्योंकि मैं यह समझता हूं कि आज जो हमारी अर्थव्यवस्था है और जिस तरीके से हमारे उद्योग चल रहे हैं अगर उनको वहीं उसी तरह छोड़ दिया जाये तो देश तरक्की नहीं कर सकता । हमारे जो बड़े बड़े उद्योग हैं अभी वे प्राइवेट हैंड्स में हैं, ऐसे लोगों के हाथ में हैं जो कि मोटे तौर पर उनको मुनाफे के लिये चलाते हैं । हमें जल्दी से जल्दी ऐसी हालत पैदा करनी है कि वे बड़े बड़े उद्योग ऐसे लोगों के हाथों में न रहें ।

श्री जसौद सिंह बिष्ट (उत्तर प्रदेश) : चाहे उससे नुक्सान ही हो ।

डा० जेड० ए० अहमद : उसके अन्दर नुकसान नहीं है, मैं अर्ज करूंगा, आप घबड़ायें नहीं । आपने तो नागपुर प्रस्ताव पास किया है, हम तो उसका स्वागत ही करते हैं, आपने तो खुद अपना हाथ उठा कर उसको पास किया है ।

श्री हर प्रसाद सक्सेना : वह वहां, ऐसी जगहों पर नहीं जाते हैं ।

डा० जेड० ए० अहमद : अच्छा, मैं यह अर्ज कर रहा था कि अगर वे बड़े बड़े उद्योग उन लोगों के हाथ में रह गये जो लोग कि मुनाफे के लिये उनको चलाते हैं तो फिर बहुत सी कठिनाईयों का सामना आपको करना पड़ेगा । आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, कुछ न कुछ तबदीली आपको करनी पड़ेगी । हमारे दोस्त भूपेश गुप्ता ने कोल माइन्स का जिक्र किया । इसके अलावा टी गार्डेन्स को ले लीजिये, वह एक बहुत बड़ा उद्योग हमारा है जो कि विदेशी लोगों के हाथ में है । इसके अलावा बैंक्स हैं जिसमें कि विदेशी पूंजी लगी है । इसके अलावा हमारा आयात-निर्यात का उद्योग है जो कि बड़ी बड़ी कम्पनियों के हाथ में हैं जिनमें कि बहुत सी विदेशी कम्पनियां हैं और जो कि बड़े बड़े मुनाफे कमाती हैं । मैंने कल या परसों भी इसका जिक्र किया था कि इससे अरबों रुपया मुनाफे के तौर पर आता है लेकिन वह हमारे हाथ में नहीं आता कुछ लोगों के हाथों में चला जाता है, गायब हो जाता है । तो हमारी सरकार को इस बात को देखने की जरूरत है कि वह मुनाफा हमारे हाथ में आये ताकि हम मुल्क के विकास के लिये काम कर सकें । तो यह सवाल कि राज्य क्षेत्र, पब्लिक सैक्टर, फैले और इस तरीके से फैले कि मुनाफा जो पैदा होता है वह सरकार के हाथ में आये और उसके जरिये से हम अपने देश का विकास करें, हमारे सामने आता है और यह प्रश्न, यह सवाल, आज एक मुख्य प्रश्न हो गया है ।

श्री जसौद सिंह बिष्ट : इस मुनाफे में इन्कमटैक्स शामिल है या नहीं ?

डा० जेड० ए० अहमद : जी हां, मुनाफे पर इन्कमटैक्स लगता है लेकिन बहुत सा इंकमटैक्स दिया नहीं जाता है, गायब हो जाता है, उसके लिये गलत रिकार्डस पेश किये जाते हैं और इंकमटैक्स लेने के बाद भी उनके पास जो बच जाता है वह बहुत बड़ी बड़ी रकमें हैं । मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह याद रखिये कि हमारी तीसरी योजना एक बहुत बड़ी योजना होने वाली है जैसा कि आपने नागपुर सेशन में तय किया है, तो फिर आपको

नये साधन पैदा करने पड़ेंगे । आप घड़ी घड़ी, हर वक्त, इनडाइरेक्ट टैक्सेशन का सहारा नहीं ले सकते हैं, रोजमर्रा की जरूरत की चीजों के ऊपर टैक्स लगा कर आप रुपया नहीं हासिल कर सकते हैं क्योंकि गरीबों के पास रुपया रहा नहीं है और मैं यह भी मानता हूं कि सिर्फ इंकमटैक्स का रेट बढ़ा बढ़ा कर अगर आप यह समझें कि साधन हासिल कर लेंगे तो वह भी नहीं चलने वाला है, ऐसी हालत में आपको साधन पैदा करने के नये सोर्सेज, नये जराये, नये तरीके निकालने पड़ेंगे और उसके लिये मैं समझता हूं कि स्टेट सैक्टर से, पब्लिक सैक्टर से, काफी रुपया हमको मिलना चाहिये और हमें ऐसी इंडस्ट्रीज का नैशनलाइजेशन करना चाहिये, ऐसे उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करना चाहिये जो कि अपने देश के विकास के लिये हमें रुपया दे सकती हैं ।

अब साहब, हमारे दोस्त ने फरमाया कि साहब बहुत कंफ्युजन है, बहुत से उलझाव हैं । स्टेट ट्रेडिंग का सवाल आया और आप यह फर्माते हैं कि हमारे प्राइम मिनिस्टर कुछ एक बात कहते हैं और दूसरे मिनिस्टर कुछ दूसरी बात कहते हैं ।

श्री जसवंत सिंह बिष्ट : उन्होंने फूडग्रेंस के बारे में कहा था ।

डा० जेड० ए० अहमद : जी हां, फूडग्रेंस को स्टेट ट्रेडिंग का जो उलझाव है उसके बारे में कहा । एक नहीं दस चीजों के बारे में उलझाव है । आपने इंडस्ट्रियल पालिसी के बारे में भी कुछ पढ़ कर सुनाया । मैं कहना चाहता हूं कि एक इंडस्ट्रियल पालिसी का पेश कर देना एक चीज है लेकिन उस इंडस्ट्रियल पालिसी को अमल में लाना, बदलती हुई सूरतों में अमल में लाना, बदलती हुई हालतों में अमल में लाना, यह दूसरी चीज है, दूसरा सवाल है । मुझे तो ताज्जुब होता है कि जब कभी कोई अमली सवाल उठा दिया जाता है तो इन लोगों की तरफ से जो कि अमली तौर पर आगे नहीं बढ़ना चाहते हैं जवाब यह मिलता है कि साहब, हमने अपनी नीति तो साफ कर दी है । साहब, नीति एक चीज है और नीति के ऊपर अमल करना दूसरी चीज है, नीति के ऊपर अमल करना एक दूसरा ही प्रश्न है । तो उस नीति के ऊपर कैसे अमल किया जाय इस सवाल के ऊपर वक्तन फवक्तन गौर करना पड़ेगा और उसके लिये आपको इस प्रकार की समितियां बैठानी पड़ेंगी और ठोक पीट कर चीजों को देखना पड़ेगा और तभी आपकी नीति सही मानों में अमल में आयेगी वरना वह कागज पर ही रह जायगी, जैसा कि होता है । मेरी आलोचना तो यह है कि सरकार की नीतियां तो बहुत शानदार बनती हैं, उसके बयानात बहुत अच्छे निकलते हैं लेकिन जब वे अमल में आते हैं तो चूंकि उनकी पूरी छान-बीन नहीं होती, चूंकि आप पतफसीलात में नहीं जाते, चूंकि हर एक चीज को उसकी बारीकियों में जाकर नहीं देखते और उसके ऊपर एक राय नहीं बनाते इसलिये इधर उधर खिचाव शुरू हो जाता है, कोई इधर खींचता है और कोई उधर खींचता है और नतीजा यह होता है कि वे एक दूसरे को काट देते हैं, वे आपस में न्युट्रलाइज हो जाते हैं और कोई चीज अमली तौर पर सामने नहीं आती है । तो यह मेरा पहला प्वाइण्ट है ।

दूसरा प्वाइण्ट जो मैं अर्ज करना चाहता हूं वह यह है कि आज विदेशी सरमाया बाहर से हमारे यहां आ रहा है तो वह विदेशी सरमाया कैसे आवे, किन उद्योगों में उसको लगाया जाय, किस तरीके से विदेशी सरमाये का इस्तैमाल किया जाय, इस बारे में हमारी कुछ राय होनी चाहिये, उसके बारे में पालियामेंट की कुछ स्पष्ट नीति होनी चाहिये क्योंकि इस मामले में हर प्रकार का दबाव आता है । बाहर के लोग यहां आये तो उन्होंने कहा कि, साहब प्राइवेट सैक्टर को बढ़ाइये हम आपको रुपया देंगे, अगर आप प्राइवेट सैक्टर को नहीं बढ़ायेंगे तो नहीं देंगे । इसी तरह से वर्ल्ड बैंक की मीटिंग में एक दबाव था, एक प्रेशर था कि

[डा० जेड० ए० अहमद]

आप प्राइवेट सैक्टर को बढ़ायें । तो इसको हम गलत समझते हैं । हमारी जो नीति है, औद्योगिक नीति है, उसके वे विरुद्ध जाते हैं । हम पब्लिक सैक्टर को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाना चाहते हैं लेकिन उसके लिए जो रुपया आता है वह अपने साथ कुछ प्रेशर्स लाता है, अपने साथ कुछ दबाव लाता है ।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. N. SAPRU) in the chair]

हमारे सामने जो दबाव आता है उस दबाव का अगर हमें मुकाबला करना है तो फिर अपनी नीति को बिल्कुल स्पष्ट करना चाहिये । इसके लिये हमें देखना चाहिये कि यह रुपया, अन्दर का या बाहर का, किस उद्योग में जायगा ? प्राइवेट में जायेगा या पब्लिक में जायगा ? लेकिन अभी हमारी पालिसी में यह चीज साफ नहीं होती । इधर उधर का दबाव, कुछ उलझाव, कुछ घबराहट, मिल मिला कर कुछ ऐसी हालत पैदा करती है कि जिसमें हम अंधों की तरह टटोलते हैं और कुछ निकलता नहीं है । जाहिर है कि समाजवाद का लक्ष्य हमने साफ तौर से मान लिया है, बिल्कुल मान लिया है.....

श्री टी० पाण्डे (उत्तर प्रदेश) : एक सवाल में इंफार्मेशन के लिये आपसे पूछना चाहता हूं । जैसा कि हमारा संविधान है उसके अनुसार अगर हम कम्पनीज़ को और फैक्टरीज़ को, कारखानों को नेशनलाइज करें तो उसके लिये हमें मुआवजा देना पड़ेगा । तो क्या भारत सरकार के लिये और इस गरीब मुल्क के लिये मुआवजा देकर नेशनलाइज करना मुनासिब है या जो मुआवजे के रूप में हम रुपया देते हैं उसको हम पब्लिक सैक्टर में नये कारखाने खोल कर इस्तैमाल करें यह मुनासिब है। दोनों में से कौन सा रास्ता इस गरीब मुल्क के लिये युक्तिपूर्ण है ?

डा० जेड० ए० अहमद : मैं इसका जवाब यही दूंगा कि मुआवजा कितना दिया जायगा वह विधान के मुताबिक देना पड़ेगा लेकिन मुआविजा कितना देंगे यह हमारी पार्लियामेंट, हमारी सरकार तय करेगी । जाहिर है कि जितना मुआवजा वे मांगते हैं उतना नहीं दिया जा सकता, दुनिया में कहीं भी कोई चीज नेशनलाइज की जाती है तो जितना मुआवजा मिल मालिक या उद्योगपति मांगते हैं उतना नहीं दिया जाता । जमींदारी अबालिश हुई लेकिन जितना मुआवजा जमींदार मांगते थे उतना नहीं दिया, उससे बहुत कम दिया । इसलिये मुआवजा देकर हम उद्योग को अपने हाथ में लेते हैं । लेने के बाद एक नया सिलसिला शुरू हो जाता है, जो पैदावार का साधन हमारे हाथ में आ जाता है, एक लम्बे अर्से को मद्देनज़र रखते हुए, वह हमारे लिये ज्यादा फायदेमन्द होता है । अब सवाल यह है कि आप मुआवजा दें तो कितना दें, किस वक्त दें, उसको किस तरह से फेज़ आऊट करें—२० साल में, २५ साल में, ३० साल में । आखिर जमींदारी अबालिशन में भी चालीस, चालीस साल के बाण्ड दिये गये हैं । यह जरूर है कि आज अगर किसी चीज का राष्ट्रीयकरण किया जाय तो कल ही उसका मुआवजा लम्प सम में दिया जाय, मगर हमारा जो पर्स है उसको देख कर ही हम यह तय करेंगे । जो भी अमली कदम हम लें वह नीति के मुताबिक होना चाहिये, अमली कदम उस नीति के विरुद्ध नहीं जा सकता । हां, दुशवारियां होंगी और उन दुशवारियों का हम सामना करेंगे । लेकिन एक दिशा में हमें बढ़ना है । एक बार हमारी नीति स्पष्ट और साफ हो जाय, उसके बाद जो अमली गुत्थियां होंगी उनको भी हम सुलझा सकते हैं ।

आखिर में मैं सिर्फ इतना अर्ज करना चाहूंगा कि हमने तय किया है कि हम समाजवाद की तरफ बढ़ेंगे और अगर इस फैसले के कोई मानी हैं, इसका कुछ महत्व है, अहमियत है तो फिर नागपुर सेशन के बाद हमें फौरन अपनी अर्थ व्यवस्था के एक एक पहलू के ऊपर गौर करना है । सबसे महत्वपूर्ण पहलू आज

यहां के औद्योगीकरण का पहलू है—हमारा पिछड़ा हुआ समाज है, हमारे उद्योग कमजोर हैं । हम तेजी से औद्योगीकरण करना चाहते हैं और इसीलिये नागपुर सेशन के बाद राम सहाय जी ने आज जो रिजोल्यूशन पेश किया है यह न सिर्फ बहुत उचित है बल्कि इसकी खास अहमियत है । समाजवाद की तरफ बढ़ने के लिए औद्योगीकरण को देखो कि वह किस तरफ जाने वाला है, कौन सा रास्ता उसको अख्तियार करना है । उसके लिए एक नक्शा बनाइये, पांच, छः, सात, आठ साल का नक्शा बनाइये और इसके लिए एक कमेटी रखिये जो प्लानिंग करे । उसमें जिम्मेदार लोग, पार्लियामेंट के मेम्बर हों, टेक्निशियंस हों, जानकार और तजुर्बेकार लोग हों ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. N. SAPRTJ) : Why should we not have co-ownership: 51 per cent. State and 49 per cent, private.

डा० जेड० ए० अहमद : यह सब मसला उस कमेटी के सामने पेश किया जा सकता है । आप उसकी किस चीज को सौ फी सदी करें या आरजी तौर पर उसको अधूरा रखें और पांच साल बाद फिर सौ फी सदी रखें यह कमेटी के सोचने की चीज है । लेकिन कमेटी अपाइंट करने से इंकार करना मैं समझता हूं बिलकुल गलत है । यह वही लोग करते हैं जो घबड़ाते हैं इस बात से कि मुमकिन है यह कमेटी कोई ऐसी बात कह दे जो ज्यादा राष्ट्रीयकरण की तरफ ले जाय या ज्यादा राजकीय क्षेत्र की तरफ ले जाय । मैं उन सब दोस्तों से अपील करता हूं कि आप घबड़ाएं नहीं । अक्सर यह होता है कि तरक्की के रास्ते में रुकावटें पैदा हो जाती हैं, लोग डरते हैं कि कहीं कुछ हो न जाय और जो लोग डरते हैं वे दुनिया में कभी तरक्की नहीं कर सकते ।

Da W. S. BARLINGAY: The Industrial Policy is quite clear to the Government.

डा० जेड० ए० अहमद : मैं यह चाहता हूं कि अगर यह क्लीयर है तो उसको और क्लीयर कर दिया जाय । इसलिए राम सहाय जी का जो प्रस्ताव है, मेरे खयाल से उसको एक मत से पूरे हाउस को मान लेना चाहिये ।

श्री पां० ना० राजभोज (मुम्बई) : उपसभाध्यक्ष जी, मेरे मित्र राम सहाय जी जो प्रस्ताव यहां लाये हुए हैं मेरे खयाल से अच्छा है क्योंकि मैं समझता हूं कि कमेटी बने और उसके सामने उद्योगों के राष्ट्रीयकरण की बात रखी जाय तो, उसमें कोई नुकसान नहीं है । चाहे कम्यूनिस्ट हों, चाहे सोशलिस्ट हों, किसी से भी यह गवर्मेन्ट नहीं डरती । सबको हमने हजम कर लिया है । वे लोग सोचते हैं हर एक चीज जो गवर्मेन्ट अच्छी करती है वह उनकी वजह से है और बात बात में क्रिटिसिज्म करते हैं । ऐसा नहीं कि हमारी सरकार इस चीज को नहीं जानती, वह अच्छी तरह से जानती है। आपका रंग, आपकी बात, आपका रहन सहन, आपका रिवाज, सब कुछ हम लोग जानते हैं । हमारी गवर्मेन्ट एक सीधे रास्ते पर चलती है । हमारे माननीय मित्र राम सहाय जी ने कई उदाहरण देकर बताया है कि हमारी सरकार ने भिलाई, दुर्गापुर और रूरकेला में कारखाने स्थापित करके कितनी प्रगति की है । यहां समाजवादी समाज की रचना का हमारा लक्ष्य है वह हमारे देश की परिस्थिति को देखकर धीरे धीरे प्राप्त करना है । उस नीति पर चलकर कोई नुकसान नहीं है । इस प्रस्ताव द्वारा हम चाहते हैं कि देश में जो कई प्रकार के रोजगार और उद्योग धंधे हैं जैसे कोयला है, सीमेंट है, जूट है, इन उद्योगों के विषय में जांच करने के लिए कमेटी बैठेगी और उनके राष्ट्रीयकरण किये जाने की संभावना पर विचार करेगी । इस तरह की बात होने में कोई नुकसान नहीं है । नागपुर अधिवेशन में जो प्रस्ताव पास हुआ था उसमें कृषि संगठन के ढांचे के बारे में भी कई ऐसी बातें हैं कि सीलिंग कितनी रखनी चाहिये, जमींदारों की कितनी भूमि रहनी चाहिये,

[श्री पां० ना० राजभोज]

आदि। मैं भी चाहता हूं कि समाजवादी समाज की रचना होनी चाहिये और जो कैपिटलिस्ट लोग हैं, पैसे वाले लोग हैं, मिलमालिक हैं और जो कालाबाजार करने वाले लोग हैं उनकी जांच होने की बहुत आवश्यकता है।

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : राष्ट्रीयकरण की बात कहिए।

श्री पां० ना० राजभोज : कमेटी की बात मैं कर रहा हूं, मेरे भाई। जब हम समिति नियुक्त करेंगे और वह कमेटी रिपोर्ट देगी उसके बाद गवर्मेन्ट देखेगी कि उसको क्या करना है। हमारे शाह साहब और दूसरे लोग यह भय देते हैं कि यह प्रस्ताव ठीक नहीं है, इससे बड़ा नुकसान है। लेकिन समाजवादी समाज आदि हम चाहते हैं तो मेरे खयाल से हमें पूंजीपतियों की जांच करनी चाहिये। जिन लोगों के पास कई प्रकार के मकान हैं उनके मकानों के ऊपर भी कोई सीलिंग होनी चाहिये, जिन लोगों के पास धन सम्पत्ति है, करोड़ों रुपया है उनके ऊपर भी किसी न किसी तरह से सीलिंग बैठाना चाहिये। इसलिए उनके बारे में एक कमेटी बैठाना मेरे खयाल से बहुत आवश्यक है।

उपसभाध्यक्ष जी, जो प्रस्ताव हमारे सामने है उसका उद्देश्य तथा उसका ध्येय यह है कि आज की परिस्थिति में देश के कौन कौन से उद्योग धंधे हैं जिनका समाजीकरण या राष्ट्रीयकरण आवश्यक है। दूसरे शब्दों में, द्वितीय पंचवार्षिक आयोजना की पिछले तीन साल की प्रगति को देखते हुए तथा अगले दो वर्ष की बात पर विचार करके तथा तृतीय पंचवार्षिक आयोजना की तैयारी करने के लिये कुछ नये धंधों का तथा उद्योगों का राष्ट्रीयकरण बहुत ही आवश्यक है।

शुरू शुरू में ही मैं सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। वह इसलिये कि प्रथम पंचवार्षिक आयोजना की गरज तथा आवश्यकता देख कर ही सरकार ने लाइफ इंश्योरेंस का राष्ट्रीयकरण करके शेअरहोल्डर्स तथा अन्य जनताके पैसे का जो सदुपयोग होना चाहिये था उसके सिलसिले में कार्यवाही की। जो फायदा था वह आम जनता के सेवार्थ उपयोग में आ गया। दूसरी बात है स्टेट बैंक आफ इंडिया की। उससे बैंकों की सुविधा देहातों में देने के लिये तथा रिजर्व बैंक के एजेंट नियुक्त करके एक बड़ा काम हो गया है। मैं यह कह रहा था कि जब जब आवश्यक हुआ तब तब सरकार ने प्रगतिशील तथा समयोचित धारणा रखी है। इसके बारे में कोई भी शक नहीं है।

इस संदर्भ में इंडस्ट्रियल पालिसी रिजोल्यूशन की जांच होनी चाहिये। इस समय हमारे उद्योग में पबलिक सेक्टर, प्राइवेट सेक्टर और मिक्स्ड इकानामी, इन तीन विभागों के करने से एक समस्या पैदा हो गई है। इसलिए इन्हीं कार्यों की एक एक रेखा लगा के हमने कोएग्जिस्टेंस का आचरण किया है। यह सरकारी प्रस्ताव हमने संसद में सोचा था तब यह बताया गया था कि यह जो पब्लिक सेक्टर है उसको बढ़ाया जा सकता है यदि उसकी आवश्यकता हो। आवश्यकता है या नहीं यह मालूम करने के लिए यह समिति नियुक्त करने की जरूरत पड़ती है ताकि वह सरकार तथा प्लानिंग कमिशन को सलाह दे और सिफारिश करे। मैं मानता हूं कि सरकार को इस तरह की समिति बनाने में कोई एतराज नहीं होगा। हम सब उद्योग धन्धों का समाजीकरण नहीं करेंगे बल्कि जो उद्योग धन्धे खानगी जायदाद बने हुए हैं, जो ठेकेदारी बनी है, जिनमें कालाबाजार होता है, उनमें सुधार करने की बात को ध्यान में रखते हुए कि वे अपना दायित्व अच्छी तरह से निभा रहे हैं या नहीं या उन में किसी प्रकार का कोई दोष तो नहीं आ गया है, हम सब चीजों को बताने का मौका देंगे। समाजीकरण की आवश्यकता तब उत्पन्न होती है जब वह धंधा या वह उद्योग दोषमय बनता है। देख

की रचना के लिये तथा औद्योगिकरण के लिये जो आवश्यक धंधे हैं जैसे कि इस्पात वह तो सरकारी मालमत्ता है किन्तु ऐसे भी धंधे हैं जो अपना दायित्व पूरा नहीं कर पाये हैं । मेरे खयाल से इस चीज की खोज और जांच होनी चाहिये । मैं प्राइवेट सेक्टर के खिलाफ नहीं हूं । उनको भी कुछ हिस्सा पंचवर्षीय योजना में दिया गया है और देना चाहिये, यह बात मैं मानता हूं । किन्तु मैं देखता हूं कि प्राइवेट सेक्टर में कुछ दोष निर्माण हुए हैं पहला दोष यह पैदा हुआ है कि ये लोग लाभ की आशा से व्यवसाय में धन लगाते हैं, खरीद और बिक्री करते हैं जिसको स्पेक्युलेशन कहते हैं । इस स्पेक्युलेशन में न प्रोफिट दिखाई देता है और न ही कर देना पड़ता है । इसलिए यह देखना चाहिये कि कौन कौन से उद्योग-धंधे हैं जो सिर्फ स्पेक्युलेशन से ही चलते हैं । मैं आपको उदाहरण देकर इस बात को अच्छी तरह से स्पष्ट करूंगा । मान लीजिये ६ व्यक्ति किसी कपड़े के कारखानों के ठेकेदार हैं और वे इन मिलों को नियंत्रण करते हैं । इसलिये उनको काफ़ी रुई की जरूरत है । वह काटन एक्सचेंज में जाता है और वहां अपने दोस्तों के नाम पर रुई खरीदता है । जब मंडी की परिस्थिति अच्छी है तो वह फायदा उठाता है और जेब में पैसा डालता है ।

(Interruptions.)

आप पहले बात सुनने की कोशिश कीजिये । इस तरह से वह मिल मालिक कर के रूप में सरकार को एक नया पैसा भी नहीं देता है । जब मंडी की परिस्थिति अच्छी न हो तब वह सब माल मिलों को भेज देता है और उसको कुछ नुकसान नहीं होता है । जैसी बात इस तरह के मिलों में होती है उसी तरह की बात और धंधों में भी होती होगी । महंगी चीज खरीदने से फायदा नहीं होता और सारी इंडस्ट्री को खतरा पहुंचता है । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि जो लोग इस तरह से कालाबाजार करते हैं, इस तरह से जो मैनेजिंग डायरेक्टर फायदा उठाते हैं उनके ऊपर कुछ न कुछ रोशनाई लगाने के लिए कोई रास्ता अवश्य ढूंढना चाहिये ताकि वे इस तरह की बातें न करें । मिलमालिक हमारे दुश्मन नहीं हैं मगर इन लोगों ने अनाज की स्थिति को कितना खराब कर दिया है । जिस तरह से सरकार अनाज की पालिसी के बारे में कुछ न कुछ रास्ता निकाल रही है उसी तरह से हमें उद्योगधंधों में जो लोग इस तरह का कालाबाजार करते हैं उनके बारे में भी कोई न कोई रास्ता निकालना होगा ।

इसलिए मेरी प्रार्थना है कि कांग्रेस ने नागपुर में जो प्रस्ताव पास किया है उससे हम देश में एक नये ढंग की समाज रचना करने जा रहे हैं । अनाज के बारे में सरकार ने जो कार्यवाही की है उसके खिलाफ व्यापारियों न कुछ बातें की हैं मगर सरकार इन सब बातों का सामना कर रही है और यह खुशी की बात है कि अनाज की हालत धीरे धीरे सरकार के काबू में आती जा रही है । कांग्रेस ने जो रास्ता अख्तियार किया है वह बिल्कुल सही रास्ता है । उसका रास्ता पहले से ही यही था वह अपने रास्ते से हटी नहीं है । आप लोग ही बिगड़े हुए हैं मगर यह आनन्द की बात है कि अब आप लोग हमारे रास्ते में आ रहे हैं । यह एक सौभाग्य की बात है कि आप लोग कांग्रेस के रास्ते पर आ रहे हैं जो कि एक ठीक बात है । कांग्रेस भी धीरे धीरे देश में समाजवाद की रचना कर रही है और प्रगतिशील बनने की कोशिश कर रही है । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह बतला रहा था कि इस तरह कालाबाजार करने से सरकार को २०० से ३०० करोड़ रुपये का नुकसान होता है । यह समिति का कार्य होगा कि वह एक एक उद्योगधन्धे में और मिलों में इस बात को देखे कि इस तरह का कालाबाजार तो वहां पर नहीं चल रहा है ।

मेरी प्रार्थना है कि तृतीय पचवर्षीय योजना के लिये यदि पैसा चाहिये तो जीवन की आवश्यक चीजें सस्ती हों और लोगों को नित्य मिलती रहें

[श्री पां० ना० राजभोज]

तो उसके लिए यह आवश्यक है कि हमें देश में कई उद्योगधंधों का समाजीकरण करना होगा। अनाज का उद्योगधंधा हमने हाथ में लेने का निश्चय किया है। इसके साथ ही साथ मिल का कपड़ा भी हाथ में लेना होगा क्योंकि यह दोनों धंधे बहुत आवश्यक हैं। बैंकिंग है जिसका पैसा इतना है कि वह पब्लिक सेक्टर में आता नहीं है। सीमेंट, कागज और इसी प्रकार कई अन्य धंधे हैं जो कि बहुत महत्वपूर्ण हैं और जिनको पब्लिक सेक्टर में लेना ही चाहिये या सहकारिता के ढंग पर चलाया जाना चाहिये ताकि जनता और मजदूरों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचे। सरकार जो कर लगाती है उसका पालन हो तथा हमारा समाजवाद सब नीतियों का समन्वय करके आगे बढ़े।

नागपुर के कांग्रेस अधिवेशन में जो प्रस्ताव पास किया गया है वह तीसरी पंच वर्षीय योजना में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। सरकार उस प्रस्ताव के सम्बन्ध में सब प्रकार की जांच कर रही है ताकि देश ठीक प्रकार से आगे बढ़ता चले। आप लोग कहते हैं कि चीन और रूस में स्टैबलिटी स्थापित हो गई है। मेरा आप से कहना है कि हमारी सरकार जो प्रगति कर रही है वह धीरे धीरे देश की परिस्थितियों को सामने रखकर कर रही है। हमारे दोस्त तो बाहर पैसा लेकर प्रोपेगन्डा करते हैं, इस तरह का काम नहीं होना चाहिये। देश की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि सब लोगों का उसमें सहयोग होना चाहिये। कांग्रेस ने नागपुर में जो प्रस्ताव पास किया है उसी के आधार पर इस तरह की कमेटी कायम की जा सकती है जो कि उद्योगधंधों को लेने के बारे में अपनी रिपोर्ट दे, इसमें कोई नुकसान नहीं है। जिस तरह से हमने अनाज का व्यापार अपने हाथ में ले लिया है उसी तरह से हमें अन्य धंधों को भी अपने हाथ में लेना होगा। वह इसलिए आवश्यक है कि बगैर इन चीजों को अपने हाथ में लिये हम देश में समाजवाद की रचना नहीं कर सकते हैं। कांग्रेस इन्हीं उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए धीरे धीरे कदम बढ़ा रही है। कांग्रेस बदली नहीं है, उसका दिमाग वही है जो पहले था। मगर तुम्हारा दिमाग बदल रहा है।

डा० जेड० ए० अहमद : आप कांग्रेसी कब से हुए ?

श्री पां० ना० राजभोज : आपके सर पर सफेद टोपी देखकर मुझे आनन्द होता है। श्री राम सहाय जी ने जो प्रस्ताव सदन के सामने रखा और हमारे कम्यूनिस्ट भाइयों ने उसके सम्बन्ध में जो बातें कहीं वे बहुत अच्छी हैं लेकिन आपका दृष्टिकोण ठीक नहीं है। आपको यह देखना चाहिये कि आपका दृष्टिकोण इस सम्बन्ध में ठीक हो। हमारे विरोधी पक्ष के भाई कहते हैं कि कांग्रेस का नागपुर वाला प्रस्ताव तीसरी पंचवर्षीय योजना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस बराबर यही कहती आ रही है कि वह देश में समाजवाद की रचना करना चाहती है और उसमें सब देशवासियों को सहयोग देना चाहिये। मेरी विरोधी पक्ष के लोगों से प्रार्थना है कि आप सब लोग भगवान बुद्ध के बताये हुए रास्ते को अपनायें और अपना दिल व दिमाग उस तरफ लगायें। श्री राम सहाय जी ने जो प्रस्ताव यहां सदन में उपस्थित किया है उससे हमारी पार्टी में किसी प्रकार की मुखालफत होने वाली नहीं है। हमारे कम्यूनिस्ट भाई ने इस प्रस्ताव के सम्बन्ध में जो भाषण दिया वह अच्छा है मगर मैं उन से यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस ने पहले से जो नीति बतलाई है वह उसी नीति पर कायम है और धीरे धीरे उस पर चल रही है। हमारे प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू जी जिस नीति से देश को आगे बढ़ा रहे हैं उससे देश में समाजवाद की रचना होने जा रही है। मगर इस चीज के लिए यह आवश्यक है कि देश में जो उद्योगधंधे हैं उनके बारेमें जांच की जाय। श्री राम सहाय जी ने जो प्रस्ताव रखा है वह एक ऐसी समिति की

रचना के बारे में है जो देश में उद्योग धंधों में फैले हुए भ्रष्टाचार की जांच करके उनके राष्ट्रीयकरण की सिफारिश करे । हमारे पूज्य प्रधान मंत्री जी ने कल अपने भाषण में कहा कि हम सब लोगों को तीसरी पंचवर्षीय योजना के लिए मिलजुल कर काम करना चाहिये । यह जो प्रस्ताव श्री राम सहाय जी ने रखा है वह एक जरिया है देश को समाजवाद की ओर ले जाने का । हमारे मिनिस्टर साहब बैठे हैं और हमारे चीफ़ विप भी आ गये हैं और मुझे आशा है कि वे कोई न कोई रास्ता ऐसा निकाल लेंगे जिससे इस प्रस्ताव की जो भावना है वह कायम हो सके । मुझे आशा है सरकार यह प्रस्ताव मंजूर करेगी । आपने मुझे बोलने के लिए जो समय दिया उसके लिए धन्यवाद ।

ANNOUNCEMENT REGARDING GOVERNMENT BUSINESS

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SATYA NARAYAN SINHA): Sir, with your permission, I rise to announce that Government business in this House for the week commencing 16 th February, 1959 will consist of—

(1) Further discussion of the Motion of Thanks on President's Address. Reply to the debate will be made on Tuesday, the 17th February, T959, after the question hour.

(2) Further consideration and passing of the Cinematograph (Amendment) Bill, 1958, as passed by Lok Sabha.

(3) Consideration and passing of the following Bills—

(i) Cost and Works Accountants Bill, 1958, as reported by the Joint Committee.

(ii) Delhi Land Reforms (Amendment) Bill, 1959, as passed by Lok Sabha.

(iii) Delhi Panchayat Raj (Amendment) Bill, 1959, as passed by Lok Sabha.

(iv) Pharmacy (Amendment) Bill, 1959, as passed by Lok Sabha.

As Members are already aware, the Railway Budget for 1959-60 will be laid on the Table on the 18th February, 1959, at 1 P.M.

ENQUIRY REGARDING MOTION FOR DISCUSSION ON THE VISIT OF THE FINANCE MINISTER TO CANADA, U.S.A. AND THE U.K.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Sir, I have a submission to make. For the last two Sessions, I have been wanting a discussion on the visit of the Finance Minister to Canada, the U.S.A. and the U.K. and this has been kept pending as a No-Date-Mentioned Motion.

THE VICE-CHAIRMAN (SHEI P. N. SAPRU): YOU may raise the point later on.

SHRI BHUPESH GUPTA: The discussion could not be held last Session, because, due to illness, Mr. Morarji Desai could not be present.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. N. SAPRU) : You may raise this at 2-30 P.M.

SHRI BHUPESH GUPTA: Then you will not allow me to raise the point. Since the hon. Minister is present now, I would like him to kindly arrange for a discussion so that this does not lapse this time also. He will be, I hope, good enough to see to that.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHW SATYA I NARAYAN SINHA) : The Session has just ' started. Let my hon. friend have some ' patience . . .